पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़
सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर 492002
ई-मेल-igcafphq.2011@gmail.com फोन नं. 0771-2434959, फैक्स नं. 0771-2434009

// विज्ञप्ति //

पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़ द्वारा **"छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल"** के आरक्षक (बैण्ड)**"**, **"**आरक्षक (श्वान दल)**"** **"**सहायक प्लाटून कमाण्डर (नर्सिंग), प्रधान आरक्षक (नर्सिंग)**"**, **"**मेल नर्स, फिमेल नर्स, लैब टेक्निशियन, फार्मासिष्ट, नर्सिंग असिस्टेंट, कम्पाउण्डर, ड्रेसर**"**, सीधी भर्ती प्रक्रिया वर्ष-2023 अन्तर्गत 133 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु दिनांक 06.10.2023 को विज्ञापन जारी किया गया है। जारी विज्ञापन के तारतम्य में छत्तीसगढ़ पुलिस की वेबसाइट ***https://cgpolice.gov.in*** पर ऑनलाईन आवेदन-पत्र भरने की **प्रारंभिक तिथि 01.01.2024** (सोमवार) प्रातः 10:00 बजे से **अंतिम तिथि 15.02.2024** (गुरूवार) रात्रि 11.59 तक निर्धारित की गई थी।

छत्तीसगढ़ शासन, गृह (पुलिस) विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर का आदेश क्रमांक-एफ-2-04/2023/दो-गृह/रापुसे, नवा रायपुर दिनांक 30.07.2024 के द्वारा "सशस्त्र सहायक प्लाटून कमाण्डर (नर्सिंग), प्रधान आरक्षक (नर्सिंग), मेल नर्स, फिमेल नर्स, लेब टेक्निशियन, फार्माशिष्ट, नर्सिंग असिस्टेंड, कम्पाउण्डर, ड्रेसर, आरक्षक (बैण्ड), आरक्षक (श्वान दल) भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2023 अन्तर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासियों के **अनारक्षित प्रवर्ग (UR) को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा के अतिरिक्त एक बार के लिये 05 वर्ष की छूट एवं आरक्षित प्रवर्ग (SC,ST,OBC) को पूर्व से 05 वर्ष की आयु शिथिलीकरण के अतिरिक्त एक बार के लिए मंत्रिपरिषद के (आयटम क्रमांक-11.2) दिनांक 09.07.2024 निर्णयानुसार निर्धारित आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट** प्रदान किया गया है।"

उपरोक्त आदेश के परिप्रेक्ष्य में ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने हेतु अतिरिक्त समय प्रदान करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासियों के इच्छुक पात्र उम्मीदवारों से छत्तीसगढ़ पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट **https://cgpolice.gov.in** पर ऑनलाईन आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। अवधि निम्नानुसार रहेगी :-

- ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने की **प्रारंभिक तिथि** **09.09.2024** (सोमवार) प्रातः 10:00 बजे से
- ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने की **अंतिम तिथि** **29.09.2024** (रविवार) रात्रि 11.59 बजे तक

"छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल" के 133 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु दिनांक 06.10.2023 को जारी विज्ञापनों के तारतम्य में पूर्व में ऑनलाइन आवेदन-पत्र भर चुकें उम्मीदवारों को पुनः भरने की आवश्यकता नहीं है। **विज्ञापनों के अन्य प्रावधान पूर्वानुसार रहेंगे।**

-- 00 --